गन्ने के अंतर्गत आने वाला कुल भू-क्षेत्र इस प्रकार है :—

(लाख हैक्टेयर में)

1989–90 . .	1.06
1990–91 . .	1.18
1991–92 . .	1.20

(ख) जी, हां ।

(ग) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने विगत तीन वर्षों के दौरान गन्ना अनुसंधान हेतु निधियां प्रदान की है जिसका ब्यौरा निम्न प्रकार है :—

(लाख रुपयों में)

	1989–90	1990–91	1991–92
(i) अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना—गन्ना के अन्तर्गत . .	---	2.88	2.24
(ii) गन्ना-अनुकूलन अनुसंधान परियोजना (एस.ए.आर.पी.) गुजरात कृषि विश्वविद्यालय अहमदाबाद के अन्तर्गत . .	4.08	10.04	9.89

(घ) 1991–92 के लिये गन्ने का न्यूनतम सांविधिक मूल्य 26 रुपये प्रति क्विण्टल निर्धारित किया गया है जो कि बेहतर वसूली के आनुपातिक प्रीमियम के साथ 8.5 प्रतिशत की आधारभूत वसूली से जुड़ा हुआ है । तथापि गुजरात में 1991–92 के दौरान गन्ना मिलों द्वारा भुगतान किया जाने वाला वास्तविक मूल्य 22.50 रुपये से 28.00 रुपये प्रति क्विंटल के बीच (खेत पर भुगतान किया गया मूल्य) था ।

राजीव गांधी प्रौद्योगिक मिशन के अधीन योजनाए

2444. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र सरकार ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी मिशन के अधीन चार योजनाओं को मंजूरी के लिए भेजा है ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इन योजनाओं को कब तक मंजूरी दे दी जायेगी ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लापल्ली रामचन्द्रन) (क) से (ग) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

Study by Research and Development Project on Insects and Rats

2445. SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether there is a Research and Development project to study *inter alia* the Efficacy of altra sonic waves on Insects and rats under Indian conditions ; and

(b) if so, what are the findings of the project ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI K.C. LENKA) : (a) No, Sir.

(b) Some research work undertaken earlier had indicated that ultra sonic waves have very limited application in agriculture for the management of rats and insects.